हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 26 अक्टूबर 2025

06 अधिकारियों की मौजूदगी में वितरण हो रहा खाद समिति...



09 गिरफ्तारी के चंद घंटों में जिला बदर वारंटी की...





## खबर संक्षेप

### युवा उत्सव 2026 के लिए आवेदन आमंत्रित

**सीहोर।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में 29 वें राष्ट्रीय युवा उत्सव 2026 का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी थीम सांस्कृतिक और नवाचार है। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि युवा उत्सव का आयोजन जिला स्तर एवं संभाग स्तर पर किया जाएगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम सीहोर में 5 नवंबर 2025 तथा संभाग स्तरीय कार्यक्रम भोपाल में 6 नवंबर 2025 को आयोजित होगा। इस युवा उत्सव में 15 से 29 वर्ष के युवा भाषण, कहानी लेखन, पेंटिंग, समूह लोकनृत्य, समूह लोक गायन, कविता लेखन एवं विज्ञान मेला प्रदर्शनी आदि विधाओं में भाग ले सकते हैं। युवा उत्सव में भाग लेने के लिए युवा 29 अक्टूबर 2025 तक अपना आवेदन सीहोर के चर्च ग्राउंड स्थित जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी के कार्यालय में कार्यालयीन समय में जमा कर सकते हैं। इसके साथ ही आवेदक को माय भारत पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9111600215, 9713810664 पर संपर्क किया जा सकता है।

### मध्यप्रदेश स्थापना दिवस 1 नवंबर को

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. ने जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित बैठक में आगामी 1 नवंबर को मध्यप्रदेश स्थापना दिवस को हर्षोल्लास और गरिमा के साथ मनाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि मध्यप्रदेश स्थापना दिवस न केवल एक उत्सव है, बल्कि हमारे राज्य की उपलब्धियों, संस्कृति और नागरिक सहभागिता का उत्सव भी है। इसलिए इसे हर नागरिक के लिए प्रेरणादायक और सहभागितापूर्ण बनाया जाए। कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले के सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाकर उन्हें बेहतर समन्वय के साथ क्रियान्वित किया जाए, ताकि यह आयोजन उत्सवपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश स्थापना दिवस हमारे राज्य के गौरव, संस्कृति और प्रगति की प्रतीक तिथि है। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों, प्रदर्शनी, सहित अन्य आयोजनों की कार्य योजना तैयार की जाए। कलेक्टर ने संबंधित विभागों विशेषकर संस्कृति, शिक्षा, नगरीय प्रशासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभागों को आपसी तालमेल के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव, अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, एसडीएम स्वाती मिश्रा सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# कुबेरेश्वरधाम में 4 नवंबर को होगा हरि-हर मिलन महोत्सव, हजारों भक्तों संग मनेगा अध्यात्म का उत्सव

**इस धार्मिक उत्सव में हजारों श्रद्धालु शामिल होंगे, अन्नकूट और दीपदान से संपूर्ण परिसर भक्ति, सेवा और आध्यात्मिकता से आलोकित होगा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर के निकट चितावलिया हेमा स्थित कुबेरेश्वरधाम परिसर में इस वर्ष 4 नवंबर को हरि-हर मिलन महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। हर वर्ष की तरह इस बार भी यह आयोजन अत्यंत भव्य रूप में संपन्न होगा। निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में इन दिनों तैयारियों का दौर तेजी पर है। मंच साज-सज्जा, प्रसादी व्यवस्था और भक्तों के ठहरने के लिए विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

### श्रद्धा और भक्ति का महासंगम

अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के सान्निध्य में आयोजित होने वाले इस महोत्सव में हर वर्ग के श्रद्धालु भाग लेते हैं। सुबह से ही बाबा कुबेरेश्वर महादेव की आरती, अभिषेक और भोग लगाने के बाद निशुल्क भंडारा आरंभ हो जाता है। भक्तों की भीड़ में उमंग और भक्ति का अद्भुत संगम दिखाई देता है।

**दीपदान से प्रकाशित होगा धाम :** पंडित प्रदीप मिश्रा के आह्वान पर कार्तिक मास में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु दीपदान करने कुबेरेश्वरधाम पहुंच रहे हैं। दीपजलन और दान को इस पवित्र महीने में अत्यंत पुण्यदायी माना गया है। चारों ओर जलते दीपक और 'हरि-हर' के जयघोष से मंदिर परिसर अलौकिक आभा से भर उठता है।



फाइल फोटो

### हरि-हर का अद्भुत संगम दृश्य

चार नवंबर को होने वाला हरि-हर मिलन उस क्षण का प्रतीक है जब भगवान विष्णु और भगवान शंकर का आध्यात्मिक मिलन दर्शाया जाता है। यह दृश्य भक्तों को जीवन में एकता, प्रेम और सहअस्तित्व का संदेश देता है। मंदिर के प्रांगण में गूंजते शंखनाद और भजन इस मिलन को दिव्यता के चरम पर पहुंचाते हैं।

### हजारों भक्त करेंगे आस्था का प्रदर्शन

महोत्सव के दौरान देशभर से आने वाले श्रद्धालु यहां अपने परिवार सहित उपस्थित रहेंगे। निरंतर चलने वाले भंडारे, कथा वाचन, मंत्र उच्चारण और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूब जाएगा। कुबेरेश्वरधाम एक बार फिर जीवंत साक्षी बनेगा उस दिव्य अनुभूति का, जो केवल आस्था से संभव है।

**गुरुदेव के निर्देशानुसार होगा अन्नकूट :** इस वर्ष भी गुरुदेव के आदेश अनुसार 29 अक्टूबर को अन्नकूट महोत्सव मनाया जाएगा। यह आयोजन हर बार भक्तों के लिए सेवा और समर्पण की प्रेरणा लेकर आता है। भोग प्रसादी के रूप में हजारों श्रद्धालु खाद्यान्न वितरण में सहभागी बनते हैं। यह परंपरा गांव-गांव में संस्कारों का विस्तार करती है।

**इस साल सोयाबीन की फसल प्राकृतिक आपदाओं, अतिवृष्टि और कीटों के प्रकोप से हो गई चौपट**

# खरीफ की मार के बाद किसानों को रबी से उम्मीद 3.50 लाख हेक्टेयर में होगी गेहूं की बोवनी

लक्ष्य के मुताबिक गेहूं 3,44,000 हेक्टेयर, चना 37,500 हेक्टेयर, और अन्य फसलों जैसे मसूर, सरसों, गन्ना, अलसी व मटर को मिलाकर कुल 3,95,200 हेक्टेयर में खेती की जाएगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

खेतों में एक बार फिर ट्रेक्टरों की आवाज गूंज रही है। खरीफ की तबाही के बाद अब किसान रबी की फसल से अपनी टूटी उम्मीदों को फिर से जोड़ने की कोशिश में जुटे हैं। इस बार कृषि विभाग ने जिले में कुल 3,95,200 हेक्टेयर क्षेत्र में रबी फसलों की बोवनी का लक्ष्य तय किया है, जो उद्यानिकी फसलों को मिलाकर चार लाख हेक्टेयर से भी अधिक पहुंच जाएगा। किसान खेतों में पलेवा कर रहे हैं और जैसे ही मिट्टी में बतर आएगी, बोवनी शुरू कर देंगे। उनके लिए यह फसल सिर्फ खेती नहीं, बल्कि जीविका और उम्मीद का आखिरी सहारा बन गई है।

कृषि विभाग के अनुसार इस वर्ष गेहूं और चना प्रमुख रबी फसलें रहेंगी। लक्ष्य के मुताबिक गेहूं 3,44,000 हेक्टेयर, चना 37,500 हेक्टेयर, और अन्य फसलों जैसे मसूर, सरसों, गन्ना, अलसी व मटर को मिलाकर कुल 3,95,200 हेक्टेयर में खेती की जाएगी। वहीं उद्यानिकी विभाग ने लहसुन, प्याज और फूलों की खेती को प्रोत्साहित किया है, जिससे लगभग 7-8 हजार हेक्टेयर अतिरिक्त क्षेत्र जुड़ जाएगा। इस प्रकार जिले में कुल बोवनी रकबा चार लाख हेक्टेयर से ऊपर पहुंचने की संभावना है।




### गेहूं ही किसानों की पहली पसंद

सीहोर का गेहूं देशभर में शरबती गेहूं के नाम से प्रसिद्ध है। यही वजह है कि किसान गेहूं को ही अपनी प्राथमिकता में रखते हैं। हालांकि इस बार मौसम की अनिश्चितता और बेमौसम बारिश के चलते विशेषज्ञों का मानना है कि गेहूं का वास्तविक बोवनी क्षेत्र थोड़ा कम हो सकता है, लेकिन इसके बावजूद किसान अपनी सिंचित भूमि में गेहूं ही बोना चाहेंगे। वहीं सीमित सिंचाई वाले किसान चना की ओर रुख कर रहे हैं ताकि कम पानी में भी उन्हें बेहतर उपज मिल सके।

**चने में भी आजमाई जाएगी किस्मत :** इस वर्ष कृषि विभाग ने चना के क्षेत्र को 33,500 से बढ़ाकर 37,500 हेक्टेयर करने का लक्ष्य रखा है। चना की फसल जोखिम भरी जरूर है, लेकिन बीते वर्षों में इसके अच्छे दाम मिलने से किसानों में उत्साह है। कई किसान ऐसे हैं जिन्होंने अपनी भूमि का एक भाग गेहूं के साथ-साथ चने के लिए भी आरक्षित रखा है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि मौसम अनुकूल रहा तो चना किसानों के लिए इस साल की 'कैश क्रॉप' बन सकता है।

### खरीफ की तबाही, रबी पर टिकी उम्मीद

इस साल सोयाबीन की फसल ने किसानों को गहरी चोट दी है। प्राकृतिक आपदाओं, अतिवृष्टि और कीटों के प्रकोप से फसलें चौपट हो गईं। मंडी में फसलों को भी अपेक्षित भाव नहीं मिल पाया, जिससे किसान आर्थिक संकट में फंस गए।अब वही किसान रबी फसल के लिए कर्ज लेकर तैयारी कर रहे हैं। उनका कहना है पिछली बार सब चला गया, अबकी बार रबी ही आखिरी आस है।

### उम्मीदों की मिट्टी से उपजेगी नई कहानी

सीहोर के किसानों के चेहरों पर थकान तो है, लेकिन उम्मीदें अब भी जिंदा हैं। वे जानते हैं कि रबी का यह मौसम उनके जीवन की दिशा बदल सकता है। हर किसान अपने खेत को इस विश्वास के साथ देख रहा है कि इस बार धरती माँ उन्हें निराश नहीं करेगी। बेमौसम बारिश, खाद संकट और सिंचाई की चिंता के बावजूद उनकी मेहनत जारी है। क्योंकि उनके लिए रबी की यह फसल सिर्फ अन्न नहीं, बल्कि उम्मीद की आखिरी सांस है।

### खाद की कमी से बढ़ी बेचैनी

खेती की तैयारी के बीच किसान सबसे अधिक खाद की कमी से परेशान हैं। कई जगहों पर सहकारी समितियों में डीएपी और यूरिया की सप्लाई सीमित है। किसान सुबह से कतारों में लग रहे हैं, परंतु पर्याप्त मात्रा में खाद नहीं मिल रही। कुछ किसान मजबूरी में बाजार से ऊंचे दामों पर खाद खरीद रहे हैं। यह स्थिति उनके लिए बड़ी चुनौती बन गई है। किसानों का कहना है कि यदि खाद की उपलब्धता सुनिश्चित नहीं की गई तो बोवनी की गति धीमी पड़ सकती है।

### सिंचाई की चुनौती, नहरों की सफाई अधूरी

सीहोर जिले में रबी फसलों की सिंचाई का मुख्य स्त्रोत कोलार नहर प्रणाली है, लेकिन अब तक नहरों में पानी छोड़े जाने की तिथि तय नहीं की गई है। कलेक्टर स्तर पर बैठक प्रस्तावित है जिसके बाद पानी छोड़ा जाएगा। नहर विभाग ने किसानों को तीन बार सिंचाई का आश्वासन दिया है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि नहरों की सफाई अधूरी है। किसानों को डर है कि जब तक पानी पहुंचेगा, कई खेतों में बोवनी प्रभावित हो जाएगी।

## मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी

**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा वर्ष ऋतु के दौरान मलेरिया, डेंगू एवं चिकनगुनिया जैसी बीमारियों से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। जारी एडवाइजरी अनुसार कपकपी के साथ तेज बुखार, सिरदर्द, उल्टी होना, बेचैनी, कमजोरी, सुस्ती, मितली, ठंड, तपन महसूस होना आदि मलेरिया के लक्षण हो सकते हैं। जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि मलेरिया से बचाव के मच्छरदानी का उपयोग करें और खिड़कियों एवं दरवाजों पर जाली लगायें। हल्के रंग के कपड़े पहनें एंव हाथ पैरों को पूरा ढ़कें। हर सप्ताह कूलर, टंकी और बैरल के पानी को बदलें। आस पास पानी को जमा न होने दें। इसके साथ ही तेज बुखार, उल्टी तथा शरीर में दर्द होने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। डेंगू फैलाने वाला मच्छर रुके हुए साफ पानी में पनपता है। कूलर, टंकी, पक्षियों के पीने के पानी का बर्तन, फ्रीज की ट्रे, फूलदान, नारियल का खोल, टूटे हुए बर्तन व टायर इत्यादि में को ढक कर रखें तथा अधिक दिनों तक यहां पानी जमा न रहने दें। यह मच्छर दिन के समय काटता है। कपड़ों से बदन को पूरी तरह ढ़ककर रखें। लक्षण दिखाई देने पर तुरंत अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर संपर्क करें।

## निर्माणाधीन दुकानों पर चली जेसीबी पीडब्ल्यूडी ने कहा जमीन हमारी





**बुधनी।** शनिवार को नगर के मुख्य मार्ग पर स्थित पीडब्ल्यूडी कार्यालय के पास किए जा रहे निर्माण कार्य को प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए हटा दिया। भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया। वहीं दूसरे पक्ष का कहना है की जमीन हमारी है। कार्यवाही के दौरान बड़ी संख्या में भीड़ जमा हो गई थी। इस दौरान निर्माण करने वाले ओर प्रशासन के बीच तीखी नोक झोंक देखने को मिली। प्रशासनिक अधिकारियों ने सख्ती दिखाते हुए कब्जे को हटाया मौके पर एसडीएम दिनेश सिंह तोमर, तहसीलदार ललित सोनी, एसडीओपी रवि शर्मा, सीएमओ संतोष रघुवंशी, पीडब्ल्यूडी कार्यपालन यंत्री आरपी गुप्ता, एसडीओ शंकरलाल रोहितास बड़ी संख्या में प्रशासनिक अमला मौजूद रहा।

इसके पहले प्रशासन ने पूर्व में शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर नोटिस जारी किए गए थे प्राप्त जानकारी अनुसार वार्ड नं 9 में स्थित पीडब्ल्यूडी कार्यालय के पास शासकीय भूमि खसरा नंबर 135/1 पर पड़ोस में रहने वाले माधव यादव पुत्र भैयालाल यादव के द्वारा शासकीय भूमि पर अवैध अतिक्रमण कार्य शुरू किया था जिसमे उक्त भूमि पर पक्का निर्माण कार्य चल रहा था। जिसकी शिकायत पीडब्ल्यूडी कार्यालय के अधिकारियों ने लिखित में एसडीएम को की थी। जिसको लेकर एसडीएम ने नगर परिषद को अतिक्रमण रोकने के आदेश दिए थे। जिसमे स्थानीय प्रशासन की टीम पूर्व में अतिक्रमण कार्य रोकने पहुंची थी इसके बाद प्रशासन ने अवैध कार्य रोकने के लिए नोटिस जारी किए थे।

जिसको लेकर शनिवार को प्रशासन की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंच कर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही शुरू की तो कब्जाधारी ओर प्रशासन के बीच जमकर नोक झोंक हुई। हालांकि प्रशासन ने मामले की स्थिति को भांपते हुए आसपास के थाना क्षेत्र से पुलिस बल बुला लिया था, जिसमें बड़ी संख्या में महिला पुलिसकर्मी शामिल थीं। इस दौरान पुलिस कर्मियों ने जद्दोजहद कर परिजनों को काबू में किया तब जाकर अवैध कब्जे से शासकीय भूमि पर पक्का निर्माण तोड़ा गया। तहसीलदार ललित सोनी ने कहा की पीडब्ल्यूडी की शिकायत पर अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई है। उधर माधव यादव ने कहा कि जमीन हमारी है पीडब्ल्यूडी गलत कार्यवाही करवा रही है।

**आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध होगी कार्रवाई**

# कार्बाइड गन की बिक्री, खरीदी, उपयोग और भंडारण पर कलेक्टर ने लगाया पूर्णतः प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी बालागुरु के. ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा-163 के अंतर्गत जिले की सीमा के भीतर कार्बाइड गन के विक्रय, उपयोग तथा भंडारण पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किए हैं। कलेक्टर बालागुरू के. द्वारा जारी आदेशानुसार पटाखों एवं विस्फोटक पदार्थों के साथ कार्बाइड गन का उपयोग जन-धन की हानि और सार्वजनिक सुरक्षा के लिए खतरा उत्पन्न कर सकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर बालागुरू के. द्वारा जिले में कार्बाइड गन का विक्रय, खरीद, उपयोग एवं भंडारण पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। इस आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी।



कलेक्टर बालागुरू के. द्वारा जारी प्रतिबंधनात्मक आदेशानुसार सीहोर जिले अंतर्गत प्रतिबंधनात्मक पटाखा, आतिशबाजी, लोहा स्टील अथवा पीवीसी पाइपों में विस्फोटक पदार्थ भरकर अत्याधिक ध्वनि उत्पन्न करने वाले अवैध संशोधित पटाखे (कार्बाइड गन) तैयार कर विक्रय किए जा रहे हैं। जिससे आम नागरिकों की सुरक्षा, शांति एवं पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

## खबर संक्षेप



### जिले को तंबाकू मुक्त बनाने के लिए की जा रही हैं अनेक गतिविधियां

**सीहोर।** देश में तंबाकू के अत्यधिक उपयोग एवं उससे होने वाली ओरल कैंसर जैसी बीमारियों से नागरिकों को बचाने और जागरूक करने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत 09 अक्टूबर से 9 दिसंबर तक 60 दिवसीय विशेष अभियान ₹टोबैको फ्री यूथ कैंपेन₹ चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार इस विशेष अभियान के तहत विभिन्न विभागों द्वारा सीहोर जिले में अनेक जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। नोडल अधिकारी डॉ नेहा सिंह ने बताया कि इन गतिविधियों के अंतर्गत चित्रकला, शपथ और तंबाकू चालानी कार्रवाई के माध्यम से लोगों को तंबाकू से बचने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। ताकि जिले में तंबाकू मुक्त जिला बनाया जा सके।

### सीहोर भी बना ग्रोथ हब का हिस्सा, भोपाल-इंदौर को बढ़ावा

**सीहोर।** मध्यप्रदेश की आर्थिक तरक्की को रफ्तार देने के लिए गुरुवार को मंत्रालय में बैठक हुई। इसमें ग्रोथ हब पहल की शुरुआत की गई। यह इंदौर और भोपाल क्षेत्रों के लिए दीर्घकालिक आर्थिक रणनीति की दिशा में बड़ा कदम है। खास बात यह रही कि सीहोर को भी इस योजना में शामिल किया गया है। ग्रोथ हब पहल के पहले चरण में इंदौर आर्थिक क्षेत्र में इंदौर, उज्जैन, देवास, धार, खरगोन, रतलाम, शाजापुर और खंडवा को शामिल किया गया है। भोपाल आर्थिक क्षेत्र में भोपाल, राजगढ़, विदिशा, रायसेन, सीहोर और नर्मदापुरम को जगह मिली है। इन क्षेत्रों के लिए आर्थिक प्रोफाइल, प्राथमिक परियोजनाओं की सूची और क्रियान्वयन का रोडमैप तैयार किया जाएगा। दूसरे चरण में जबलपुर, सतना-रीवा, सागर और ग्वालियर क्षेत्रों को जोड़ा जाएगा।

### सेटेलाइट से होगी खनिजों के अवैध उत्खनन की निगरानी

**सीहोर।** खनिजों के अवैध उत्खनन पर नियंत्रण के लिये सेटेलाइट (उपग्रह) आधारित खनन निगरानी प्रणाली विकसित की गयी है। प्रमुख सचिव खनिज ने सेटेलाइट (उपग्रह) आधारित खनन निगरानी प्रणाली को लागू किये जाने के संबंध में जिला कलेक्टर्स को आदेश जारी कर दिये हैं। प्रमुख सचिव खनिज ने बताया कि इस व्यवस्था के अंतर्गत प्रदेश की समस्त खदानों को जियो टैग किया गया है तथा इसे पॉयलेट प्रोजेक्ट के रूप में लागू किया गया है। विभाग द्वारा निर्मित पोर्टल URL – https://mines.mp.gov.in/Surveillance/ पर क्लिक कर एक्सेस किया जा सकता है।

## परेशानी: खाद संकट से किसान परेशान, यूरिया और डीएपी खाद के लिए भटक रहे किसान

# अधिकारियों की मौजूदगी में वितरण हो रहा खाद समिति के बाहर लग रही किसानों की लंबी कतार

तहसील में खाद को लेकर किसान परेशान हैं तो वही उन्हें वितरण केंद्रों पर यूरिया डीएपी खाद के लिए सुबह से शाम तक इंतजार करना पड़ रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

तहसील के किसान खाद संकट से परेशान है। खाद समिति वितरण केंद्रों पर यूरिया ,डीएपी खाद लेने के पहुंचे किसान सुबह से ही लम्बी कतार में खड़े होने को मजबूर हैं। उन्हें भूखे प्यासे कतार में खड़े खाद के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। तो वहीं खाद वितरण केंद्रों पर महिलाएं भी लाइन में खड़ी इंतज़ार कर रही थीं।

### अधिकारियों की मौजूदगी में यूरिया डीएपी खाद का हो रहा वितरण

तहसील में खाद को लेकर किसान परेशान हैं तो वही उन्हें वितरण केंद्रों पर यूरिया डीएपी खाद के लिए सुबह से शाम तक इंतजार करना पड़ रहा है। किसानों की लग रही लम्बी कतार को लेकर अधिकारी कर्मचारी भी अपनी भूमिका निभा रहे हैं। खाद वितरण केंद्रों पर पहुंचकर उनकी निगरानी में टोकन वितरण और यूरिया डीएपी खाद वितरण किया जा रहा है। जिससे किसानों को परेशानी का सामना न करना पड़े। इसी को लेकर अधिकारी प्रकार से किसानों के बीच मौजूद रह कर खाद वितरण कार्य करा रहे हैं। शुक्रवार को भैरुंदा तहसील की समिति बालागांव में यूरिया



डीएपी खाद वितरण शुरू कराया गया। इससे पहले किसानों को खाद वितरण की जानकारी मिली तो सुबह 5 बजे से ही पहुंचे और लाइन में लगे धीरे धीरे किसानों की लाइन बढ़ती गई। इस स्थिति में समिति के कर्मचारी ने अधिकारियों को बताया कि बड़ी संख्या में किसान खाद लेने पहुंचे हैं। जानकारी मिलते ही



तहसीलदार पटवारी और कृषि विभाग के अधिकारी कर्मचारी वितरण केंद्र पर पहुंचे। इस दौरान अधिकारियों की निगरानी में टोकन व खाद वितरण का कार्य शुरू कराया गया।

इससे पहले मार्केटिंग विपणन सहकारी समिति में दो बार खाद वितरण किया गया था। दोनों बार बड़ी संख्या में किसानों की

### एसडीएम व कृषि विभाग की संयुक्त कार्रवाई में व्यापारियों में हड़कंप मचा था

कुछ माह पहले खरीब सीजन की फसल की बुवाई के दौरान एसडीएम मदन सिंह रघुवंशी एवं जिला कृषि विभाग की संयुक्त टीम ने नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में निजी कृषि सेवा केंद्रों पर छापामार कार्रवाई की इस दौरान दुकानों से कीटनाशक दवाओं लाइसेंस और पक्के बिलों में खामियां भी सामने आई थीं। तो वहीं कई दुकानों पर कार्रवाई करते हुए उन्हें सील भी किया गया था। इस कार्रवाई से व्यापारियों में हड़कंप मच गया था। दुकानों की शटर बंद कर भाग निकले थे।

भीड़ पहुंची। जिसकी सूचना अधिकारियों को दी। सूचना पर मौके पर पहुंचे सीडीएम, तहसीलदार कृषि विभाग के अधिकारी कर्मचारी की मौजूदगी में खाद वितरण शुरू कराया ओर किसानों को टोकन वितरण कराई गई।

### बाजार की दुकानों पर जमकर हो रही खाद बीज की कालाबाजारी

भैरूंदा तहसील के किसानों की माने तो उन्हें खाद बीज की कालाबाजारी करने वाले लूटने में लगे हुए हैं। किसान खाद की किल्लत परेशान है, तो वहीं खाद,बीज ,कीटनाशक के दुकानदार भी कलाबाजारी कर उन्हें लूटने में लगे हुए हैं। रवि फसल की बुवाई के लिए किसान खाद,बीज की दुकानों सेखरीदारी कर रहे हैं। दुकानदार उन्हें मनमानी कीमतों पर खाद बीज बेचकर लूट रहे हैं। इधर अधिकारियों ने अभी तक निजी खाद बीज के केंद्रों निरीक्षण नहीं किया। न ही दुकानों के दस्तावेज की जांच की। जांच नहीं होने से दुकानदारो के हौसले बुलंद है। और किसानों को लूटने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

# समय पर पहुंचे हितग्राहियों के खाते में अनुदान राशि: कलेक्टर

**टीएल बैठक में कलेक्टर ने बारिश में क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत के अधिकारियों को दिए निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सभी विभाग पारदर्शिता, जवाबदेही और समयबद्धता के साथ कार्य करें। जिला प्रशासन का उद्देश्य है कि शासन की प्रत्येक योजना का लाभ सीधे आमजन तक पहुंचे और विकास कार्यों में गति बनी रहे। यह बात कलेक्टर बालागुरू के. ने जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में विभिन्न विभागों की समीक्षा के दौरान सभी अधिकारियों ने कही। कलेक्टर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन की प्राथमिकता वाले कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने सभी विभागों के समय-सीमा वाले प्रकरणों और सीएम हेल्पलाइन में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की और समय सीमा के भीतर सभी प्रकरणों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतें प्राथमिकता से बंद कराएं।

बैठक में सबसे पहले नेशनल हाईवे और रेलवे परियोजनाओं के लिए किए जा रहे भू-अर्जन, मुआवजा वितरण तथा कब्जा दिलाने की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि अधिग्रहित भूमि से संबंधित सभी प्रकरणों को नियमानुसार और पारदर्शी ढंग से शीघ्र निपटाया जाए, ताकि विकास परियोजनाओं में किसी प्रकार की देरी न हो। कलेक्टर ने गीता भवन के लिए उपयुक्त भूमि चयन एवं आवंटन की प्रक्रिया तेज करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने शहरी और ग्रामीण विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए बारिश में क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये, ताकि नागरिकों को आवागमन में कोई परेशानी न हो।

भावांतर योजना की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि किसानों को उचित मूल्य सुनिश्चित करने के लिए योजना का संचालन प्रभावी, पारदर्शी और सुचारू रूप से किया



जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि मॉडल रेट निर्धारित सीमा से नीचे नहीं आने पाए, इसके लिए मंडियों में नियमित निगरानी रखी जाए। कलेक्टर ने योजना के सफल संचालन हेतु कंट्रोल रूम स्थापित करने और किसानों की शिकायतों के तत्काल निराकरण की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि यह कार्य किसानों को राहत राशि और भावांतर योजना का लाभ दिलाने के लिए अत्यंत आवश्यक है। कलेक्टर ने सोयाबीन फसल के सत्यापन एवं फसल क्षति की प्रविष्टियों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी राजस्व अधिकारी सोयाबीन फसल क्षति की एंट्री पूरी करें।

कलेक्टर बालागुरू के. ने पराली (नरवाई) जलाने की बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताते हुए कृषि विभाग और राजस्व अमले को निर्देशित किया कि वे किसानों के बीच जनजागरूकता अभियान चलाएं और ऐसे मामलों पर सख्त निगरानी रखें। उन्होंने कहा कि पराली जलाना पर्यावरण के साथ-साथ मृदा की उर्वरता के लिए भी नुकसानदायक है, इसलिए इस पर प्रभावी रोक लगाई जाए। उन्होंने पराली जलाने वाले किसानों के विरुद्ध कार्रवाई करने के भी निर्देश दिये। कलेक्टर बालागुरू के. ने रबी सीजन की तैयारियों पर चर्चा करते हुए खाद-बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि खेतों में पानी रोकने के लिए बोरी बंधान के कार्य शीघ्र पूर्ण कराए जाएं, ताकि सिंचाई के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध रह सके।

बैठक में उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए कहा कि अनुदान राशि और लाभ समय पर हितग्राहियों के खातों में जमा किए जाएं। किसी भी स्थिति में शासन की योजनाओं का लाभ विलंब से नहीं पहुंचना चाहिए।

उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को अपने कार्यालय को स्वच्छ रखने, दस्तावेजों का संधारण बेहतर ढंग से करने और पौधे लगाने के निर्देश दिये। बैठक में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव, अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, एसडीएम स्वाती मिश्रा सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# अहिंसा से ही विश्व, देश और प्राणी मात्र का होगा कल्याण: मुनिश्री अक्षय सागर



**सीहोर।** हमारी संस्कृति, प्रकृति और सभ्यता अहिंसा प्रधान रही है, लेकिन हमने इन्हें हिंसक बना दिया है। भारतीय इतिहास, संस्कृति और सभ्यता पशुवध की स्वीकृति नहीं दे सकती। भारत कृषि प्रधान देश है। यहां के लोग सदियों से पशुपालन कर जीवन निर्वाह करते आए हैं। यह बात मुनिश्री अक्षय सागर महाराज ने श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में प्रवचन के दौरान कही। उन्होंने बताया कि भारत धर्म प्रधान देश है। यहां कई धर्म, सम्प्रदाय और पंथ रहते हैं। जैसे कुशल माली रंग-बिरंगे फूलों का गुलदस्ता बनाता है। भारत का हर धर्म, समाज और नागरिक फूल है, तो अहिंसा उसकी गंध है। गंध अपने में ही नहीं रह सकती। उसे हवा में बिखरना ही है। वैसे ही भारत की अहिंसा की सुगंध पूरे विश्व में फैल गई। इसलिए पूरे विश्व ने अहिंसा विश्वधर्म को स्वीकारा है।

हर साल 1.90 करोड़ टन जहर खेतों में डाला जा रहा उन्होंने बताया कि भारत में हर साल एक करोड़ 90 लाख मिट्रिक टन ज़हर खेतों में डाला जा रहा है। इससे भारत की भूमि की भी हिंसा हो रही है। इससे उपजाऊ भूमि बंजर बनती जा रही है। इसी कारण अन्न उत्पादन कम हो रहा है। उसमें अन्न की उपलब्धता कम होने से मंहगाई भी बढ़ती जा रही है। इसलिए पर्यावरण का असंतुलन, महंगाई, भूकंप, जलस्तर की कमी नैतिकता का पतन, द्ररिद्रता, बुद्धि का ह्रास ऐसे कई कारणों की जड़ मात्र हिंसा है। इन सबके ऊपर सिर्फ एक ही उपाय अहिंसा का विकास ही है। ऐसे ही अहिंसा का अनुभव करना पूरा विश्व चाहता है। अहिंसा से ही देश और प्राणी मात्र का कल्याण होने वाला है।

### व्यर्थ का खर्चा जीवन की व्यवस्था को और व्यर्थ की चर्चा मन की अवस्था को ख़राब करते हैं: कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा



**सीहोर।** व्यर्थ का खर्चा और व्यर्थ की चर्चा मानव जीवन को नष्ट करता है, अनावश्यक कामों में धन और समय बर्बाद करने से व्यक्ति अपने जीवन के सही उद्देश्यों से भटक जाता है। मानव के जीवन में शिव कथा और भगवान का सत्संग दवाई का कार्य करता है। दामोदर माह, कार्तिक मास में सत्संग और भगवान की कथाओं के श्रवण करने का कुबेरेश्वरधाम पर आपको सौभाग्य मिला है। कथा के यजमान दामोदर जी छत्तीसगढ़ सहित देश भर के श्रद्धालु आन लाइन कथा का श्रवण कर रहे है। अगर सच्चे मन से दो क्षण केवल शिव महापुराण का श्रवण कर लिया जाए तो मानव जीवन सफल हो जाता है। उक्त विचार जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में शनिवार से आरंभ आन लान शिव महापुराण के पहले दिन अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहे। इस मौके पर उन्होंने कहाकि देवराज ब्राह्मण ने अंतिम समय में शिव महापुराण का मन से ध्यान किया तो उसका जीवन सफल हो गया और कैलाशधाम पहुंचा। देवराज ब्राह्मण अपने कर्म से भटक गया था और अनाचार और पापाचार में लिप्त था, लेकिन मात्र दो क्षण केवल कथा का श्रवण से उसको मुक्ति मिली। कथा के दौरान उन्होंने यहां पर आए श्रद्धालुओं के पत्र पर चर्चा करते हुए कहाकि आपका भरोसा शिव के प्रति होना जरूरी है। एक विद्यार्थी प्रत्येक शशीशंकर गुप्ता इंजीनियर कालेज से पढ़ाई की है। कालेज के चौथे वर्ष में भी वह नौकरी से वंचित थे, जब उनकी माताश्री ने उनको शिव पर जल चढाने की बात कही तो उन्होंने पढ़ाई के साथ विश्वास करते हुए भगवान शिव पर जल चढ़ाने का क्रम जारी रखा तो उनको तीन बड़ी कंपनी से जॉब के आफर आए, उनको अमेरिका की सबसे बड़ी कंपनी में नौकरी प्राप्त की है। इसके अलावा राजस्थान से आए माता-पिता ने बताया कि हमारे बच्चे ने पढ़ाई के साथ शिव की भक्ति की है, जिसका परिणाम उसको मेडिकल आफिसर की नौकरी प्राप्त हुई है। इस मौके पर पंडित श्री मिश्रा ने श्रद्धालुओं को आशीर्वाद दिया।

## वार्ड में व्याप्त समस्याओं से निराकरण के लिए वार्डवासियों की मांग

# नपा.अध्यक्ष प्रिंस राठौर को अ.जा. वार्ड क्र.11 के जाटव समाज प्रतिनिधि मंडल ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग अल्पाशंक कल्याण परिषद के प्रदेश महामंत्री नरेन्द्र खंगराले जाटव दलित चिंतक समाज सेवी जोन्टी जाटव, शुभम कंचनेरिया, धनराज थरेले, प्रवेश परिहार के नेतृत्व मे नपा.अध्यक्ष प्रिंस विकाश राठौर को अ.जा.वार्ड क्र.11 संत रविदास वार्ड डॉ.अम्बेडकर नगर की विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा गया।

इस अवसर पर जाटव समाज के प्रबुद्ध गणमान्य नागरिक उपस्थित थे, इस अवसर पर पूर्व मे निरंतर दिए गयें ज्ञापन की कॉपी भेंट कर स्मारण कराते हुए श्री खंगराले ने नपा.अध्यक्ष श्री राठौर को बताया की विश्व रतन संविधान निर्मता डॉ.अम्बेडकर के पार्क का पूर्णतः जियोणो उध्धार किया जावे तथा पुराने जाटव समाज के स्कूल जो कि संत रविदास मंदिर के सामने स्थित है। उक्त जर-जर स्कूल को तोडक़र समुदायिक भावन को निर्माण किया जावे, उक्त दलित वार्ड मे रोड़-



नाली, पुलिया का प्रथामिकता से निर्माण कर अंधेरे मे पड़े दलित वस्ती मे लाईट के पॉलो पर प्रथामिकता से टियूलाईट लेंप लगाकर जगमग रोशनी की व्यवस्था की जावे, खटीक मोहल्ले के सामने धर्मप्रकाश आर्य के घर के सामने तक मुरली ग्राम की और जाने वाली पुलिया तक आर.सी.सी. व पुलिया तक रोड़ का निर्माण एवं डॉ.अम्बेडकर धर्मशाला के सामने पीर बाबा दरगाहा तथा केला देवी माता मंदिर के चारो और वाउडरी बाल निर्माण के साथ-साथ समुदायिक भावन निर्माण को लेकर नपा.अध्यक्ष श्री राठौर को ज्ञापन सौंपा जिसे लेकर श्री राठौर द्वारा वार्ड मे प्रथामिकता से अधुरे कार्यो की समस्या के निराकंरण करने का जाटव समाज के प्रतिनिधि मंडल को अस्वस्थ किया गया, साथ ही नपा.लोक निर्माण विभाग के कार्यचारी वंटी पारासर को भेजकर डॉ.अम्बेडकर पार्क जो जर-जर अवस्था मे है का प्राक्लन तैयार करने हेतु भेजा गया दलित वस्ती मे विभिन्न निर्माण कार्य कराये जाने के निर्देश मुख्य नगर पालिका अधिकारी व नपा.के लोक निर्माण विभाग की शाखा को दिए जाने पर, जाटव समाज के लोगों द्वारा प्रिंस विकाश राठौर का कृतज्ञ मन से आभार माना गया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से जाटव समाज के नरेन्द्र खंगराले, जोन्टी जाटव, शुभम कचनेरिया, धनराज थरेले, प्रवेश परिहार, सोनू जाटव, राकेश जाटव, राकेश मालवीय, हेमंत भारतीय, नंदकिशोर मालवीय, पूर्व संरपच रिंकू जाटव, मोनू जाटव, नीरज भारतीय, राजू जाटव, पवन परसेया, सचिन जाटव, भैरू सिंह जाटव आदि जाटव समाज के लोग भारी संख्या मे उपस्थित थे।

# छठ पूजा की तैयारी शुरु सीवन घाट की हुई साफ-सफाई

**सीहोर।** नगर में निवासरत भोजपुरी समाज के लोगों द्वारा छठ पूजा की तैयारी शुरु कर दी गई है। जानकारी देते हुए भोजपुरी समाज के मीडिया प्रभारी राकेश कुमार झा ने बताया कि त्योहार की शुरुआत कल शनिवार से नहाय-खाय से शुरु हुआ, जिसके अन्तर्गत महिलाओं एवं पुरुषों द्वारा लोकी चावल का भोजन कर पूजन की तैयारी शुरु कर दी। आज खरना मनाया जायेगा, जिसमें रात्रि में व्रत करने वालों द्वारा दूध चावल व गुड़ से निर्मित खीर का भोग भगवान को लगाकर एवं स्वयं प्रसाद के रूप में ग्रहण करके छत्तीस घण्टे का निर्जला व्रत प्रारंभ होगा, जो कि मंगलवार को सुबह उगते हुए सूर्य को अध्र्य देने के पश्चात व्रत का समापन होगा।



नगर पालिका के सौजन्य से सीवन नदी के महिला घाट की साफ-सफाई कराई जा रही है। वहीं पर इस बार गेट के पास कांक्रिट रोड का निर्माण एवं घाट पर रंग रोगन कर घाट की सुन्दरता और भी बढ़ गई है। कल सोमवार को समाज के सभी लोग सांयकाल चार बजे सीवन नदी के महिला घाट पर पहुंचेगें एवं शाम को डूबते हुए सूर्य को अध्र्य देगें, इस दौरान शाम को ही अंकुर न्यूज ऐजेंसी के सौजन्य से भजन संध्या का कार्यक्रम भी रखा गया है, जिसमें छठी माई से सम्बंधित भक्ति गीत की मनमोहक प्रस्तुती दी जावेगी एवं रात्रि में नौ बजे से घाट पर ही सुन्दरकाण्ड का भी आयोजन रखा गया है।

गिरफ्तारी वारंटी को अस्पताल की जगह ऑटो से पहुंचाया घर

# गिरफ्तारी के चंद घंटों में जिला बदर वारंटी की मौत ! कार्रवाई पर प्रश्नचिंह

## थाना प्रभारी बोले - जुलाई में जारी हुआ था बंटी का वारंट, शुक्रवार को होनी थी आरोपी की पेशी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

शुक्रवार को ब्यावरा शहर के प्रसिद्ध बिहारीजी मंदिर के पास से सिटी थाना ब्यावरा पुलिस ने सुबह 6 बजे कई दिनों से फरार चल रहे आरोपी बंटी सक्सेना को उसके घर से पकड़ लिया। जिस समय आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस घर पहुंची उस समय आरोपी की बुजुर्ग 65 वर्षीय मां घर में मौजूद थी। बेटे को पकड़ने जैसे ही पुलिस घर पहुंची तो मां देखकर घबरा गई और पुलिस ने बिना मां को कुछ बताए शकुशल बंटी को पुलिस थाने लेकर आ गई। उसके बाद ब्यावरा सिटी थाने में क्या हुआ जिसके चलते वारंटी बंटी को संदिग्ध हालात में घर पहुंचाना पड़ा। परिवार की कमजोर स्थिती के कारण वह पुलिस के दबाव में नजर आ रहे हैं और सच बात कहने से भी कतरा रहे हैं।

अब देखना यह है कि क्या पुलिस स्वयं सीसीटीवी निकलवा कर पीड़ित को जीवित घर पहुंचाने तक के प्रमाण परिजनों को दे सकती है। वहीं सिटी थाना प्रभारी बीरेन्द्र धाकड़ का कहना है कि वारंटी की हालात बिगड़ने पर हमने एहतियात के तौर पर ऑटो में बैठाकर सुरक्षित घर पहुंचाया है। उन्होंने बताया कि जिला बदर की कार्रवाई भी इस पर हो चुकी है और जुलाई में इसके खिलाफ वारंट जारी हुआ था जिसकी पेशी शुक्रवार को होनी थी इसी सिलसिले में इसको लाया गया था, परंतु जैसे ही बीमारी और भोपाल अस्पताल की दवाई चलने की बात सामने आई तो हमने इसको मानवीय आधार पर घर पहुंचाया।

### ऑटो से घर छोड़ने पहुंची पुलिस

जब बंटी की तबीयत थाने में अचानक खराब हो गई थी तो पुलिस ने उसे बेहोशी की हालत में अस्पताल ले जाने की जगह घर छोड़ दिया। हो सकता है उसे समय से इलाज मिल जाता तो शायद उस बूढ़ी मां का बेटा आज जिंदा होता। ऑटो से छोड़ने गए पुलिस के जवान जब उसे लटकाकर घर के बाहर छोड़कर जा रहे थे जब आसपास के लोगों ने बंटी को इस हालत में छोड़कर जाने वाले पुलिस के जवानों से सवाल किया तो उन्होंने नशे का आदि बताकर अपना बचाव करते हुए वहां से निकल लिए।

### घर में ही नर्स ने चेक किया तो हो चुकी थी बंटी की मौत

पुलिस द्वारा बंटी को घर छोड़ने के बाद उनकी चाची जो कि स्वयं नर्स है उन्होंने बंटी का बीपी और पल्स चेक किए तो पता चला की बंटी की मौत हो चुकी है। जैसे ही परिवार वालों ने बंटी की मौत का जिक्र मोहल्ले और आसपास के लोगों से किया तो पुलिस ने तत्काल बंटी के घर पहुंच कर नगर पालिका ब्यावरा से शव वाहन बुलवा कर तत्काल शव को सिविल अस्पताल ब्यावरा मर्चुरी में भिजवा दिया। मर्चुरी में कार्यपालिका मजिस्ट्रेट नायब तहसीलदार विनय रजक ने परिजनों की मौजूदगी में शव का पंचनामा बनाकर बयान दर्ज किए।

### पूर्व विधायक दांगी का आरोप पुलिस कस्टडी में बंटी मौत

पूर्व विधायक रामचन्द्र दांगी पहले शासकीय अस्पताल ब्यावरा पहुंचे और वहां से सीधे सिटी पुलिस थाना ब्यावरा पहुंच गए। थाने पहुंचकर एसडीओपी प्रकाश शर्मा से बात कर पुलिस पर बंटी की मौत का पुलिस कस्टडी में मौत का आरोप लगाया। और मीडिया से बात करते हुए बताया कि मैं बंटी के परिजनों को लेकर एसपी से मिलूंगा अगर वहां सुनवाई नहीं हुई तो पीड़ित को न्याय दिलाने भोपाल तक जाऊंगा।

# जिला पंचायत सीईओ ने 19 अधिकारी और कर्मचारियों का वेतन काटा

## जल संचय, जनभागीदारी अभियान में लापरवाही पर हुई कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

जिले में एक बगिया मां के नाम, जल संचय एवं जन भागीदारी अभियान को लेकर जिला पंचायत सभागार में विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ इच्छित गढ़पाले ने उक्त अभियानों में लापरवाही बरते जाने पर 19 अधिकारी, कर्मचारियों का एक दिवस का वेतन काटने के तल्ख निर्देश प्रदान किए हैं।

अभियान अंतर्गत खराब प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए गढ़पाले ने 3 सहायक यंत्री, 3 अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी व 13 उपयंत्रियों पर यह कार्यक्रम की है। इनमें सहायक यंत्री जनपद पंचायत खिलचीपुर एवं जीरापुर गोपाल सिंह किरार, सहायक यंत्री जनपद पंचायत राजगढ़ मेहताब सिंह अहिरवार व सहायक यंत्री जनपद पंचायत नरसिंहगढ़ शैतन सिंह शामिल हैं। इसी प्रकार अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी जनपद पंचायत सारंगपुर एवं जीरापुर ललित कुमार दुबे, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी जनपद पंचायत राजगढ़ दीपक यादव व अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी जनपद पंचायत नरसिंहगढ़ मांगीलाल दांगी शामिल हैं।

### इन 13 इंजीनियरों का भी काटा गया वेतन

इसके साथ ही जिन 13 इंजीनियरों का वेतन काटा गया है उनमें जनपद ब्यावरा के सुनील कुमार मण्डलोई, विवेक ललित, अजय परमार, दिलीप कनाडे, जनपद खिलचीपुर के पंकज सिंह, जनपद नरसिंहगढ़ के राहुल मेशराम, प्रशांत शर्मा, सुश्री निशा बनवाले, जनपद राजगढ के सुरेश सुमन, जनपद सारंगपुर के सत्यप्रकाश शर्मा, दिवाकर दुबे, अनिल कुमार जालोन तथा जनपद जीरापुर के अनिल शिवहरे शामिल हैं।

### *शहर में दो अलग-अलग घटनाओं में दो व्यक्तियों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत*

*नरसिंहगढ़। शुक्रवार को शहर में दो अलग-अलग स्थानों पर दो व्यक्तियों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पहला मामला सूरजपोल क्षेत्र का है, जहां निवासी अरविंद मिश्रा अपने घर में अकेले रहते थे। शुक्रवार को जब टिफिन वाला रोज की तरह खाना देने पहुंचा तो उसने कई बार आवाज दी, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इस पर उसने मोहल्लेवासियों को सूचना दी। बाद में पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़कर देखा तो अरविंद मिश्रा मृत अवस्था में पाए गए। घटना के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है। दूसरी घटना बगुची क्षेत्र की है, जहां दिनेश पिता रतनलाल जाटव (45 वर्ष) शुक्रवार दोपहर में खाना खाकर सोए थे। देर दोपहर जब परिजन जब उन्हें उठाने पहुंचे तो वे अचेत मिले। परिजन उन्हें तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।*

## पुलिस ने चाकू मारने वाले आरोपी को 6 घंटे में गिरफ्तार किया

**जीरापुर।** समीपवर्ती ग्राम झाड़मऊ में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक को चाकू मारकर घायल कर दिया। थाना प्रभारी रवि ठाकुर की टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी गोलू जोशी को मात्र 6 घंटे में लोहे का धारदार चाकू जप्त कर गिरफ्तार किया गया। घटना में मुख्य कारण पुरानी रंजिश के चलते कालुलाल पिता नारायण मालवीय उम्र 40 वर्ष पर गोलू जोशी ने चाकू से वार किया था जिसमें कालुलाल मालवीय गंभीर घायल हो गया जिसे सिविल अस्पताल लाया गया जहां प्राथमिक इलाज उपरांत बाहर रेफर किया। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर से अपराध क्रमांक 434/ 25 धारा 109 (1) 296 , 115(2) , 351( 3) बी एन एस एवं 3(1)(द) (ध) 3(2) ,(5-क) अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। जिसमें उप निरीक्षक अजय यादव, जितेंद्र अजनारे, सहायक उप निरीक्षक जगदीश यादव, प्रधान आरक्षक अनिल नायक, गणेश धाकड़, आरक्षक अनिल, रवि जाट, पंकज जाट, मनीष जाट माचलपुर एवं साइबर सेल आरक्षक अशोक राहोरिया की भूमिका रही।

# राज्यमंत्री ने किया 69वीं राज्य स्तरीय शालेय खेल खो-खो स्पर्धा का शुभारंभ



**सारंगपुर।** शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सारंगपुर में शुक्रवार को 69वीं राज्य स्तरीय शालेय खेल खो-खो प्रतियोगिता 2025 का शुभारंभ राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस प्रतियोगिता में भोपाल, इंदौर, आदिवासी विकासखंड, जबलपुर, सागर, नर्मदापुरम, रीवा, ग्वालियर, शहडोल एवं उज्जैन संभागों से आए 17 वर्ष आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं की टीमें भाग ले रही हैं। उद्घाटन समारोह के अवसर पर मंत्री टेटवाल ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल भावना से खेलना ही सच्ची जीत है। खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं बल्कि जीवन में अनुशासन और टीम भावना भी विकसित करते हैं। कार्यक्रम में बालक-बालिकाओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं और खिलाड़ियों ने शपथ ग्रहण कर निष्पक्ष खेल भावना से प्रतियोगिता में भाग लेने का संकल्प लिया।

## कुल्हाड़ी से युवक पर जानलेवा हमला किया

**जीरापुर।** आरोपियों द्वारा कुल्हाड़ी से एक युवक पर जानलेवा हमला कर गंभीर घायल कर दिया। पुलिस ने तीनों आरोपियों को 24 घंटे में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस से जानकारी के मुताबिक फरियादी राधेश्याम पिता कालू डांगी उम्र 58 साल निवासी पिपलिया कला में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि आरोपी शोभाराम पिता कैलाश भील भील उम्र 22 साल निवासी पिपलिया कला देवी सिंह पिता सीताराम भूल उम्र 35 साल पिपलिया कला सोनू उर्फ जसवंत भील पिता रामबाबू बिल उम्र 19 साल निवासी बघेल थाना खुजनेर के विरुद्ध अपने भतीजे कमल पिता बद्रीलाल दांगी को गालियां देकर लोहे की कुल्हाड़ी से गले हुआ कंठ पर पान घातक हमला करने तथा लाल गुप्ता से मार मार पीट कर जान से मारने की धमकी देने दी गई जिस पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 432025 धारा 109 , 118(1) , 296 , 115 (2 ) , 351(3) , 3 ,(5) बीएनएस कायम कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया।

## ट्रेंचिंग ग्राउंड के पास अज्ञात घायल महिला मिली, शाजापुर रैफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर



थाना क्षेत्र के अंतर्गत शुक्रवार को ट्रेंचिंग ग्राउंड सारंगपुर के पास लगभग 30 से 32 वर्ष की एक अज्ञात महिला घायल अवस्था में पाई गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और महिला को तत्काल सारंगपुर सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर चोट होने पर चिकित्सकों ने उसे शाजापुर जिला अस्पताल रैफर किया है। हालत गंभीर होने पर महिला को शाजापुर से इंदौर रेफर किया गया। बताया जा रहा है कि महिला विवाहित है तथा उसके सिर में गंभीर चोटें आई हैं। फिलहाल उसकी पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने मामले में अज्ञात महिला की पहचान के प्रयास शुरू कर दिए हैं और घटना की जांच जारी है।

हरिहर मिलन गौरव दिवस महोत्सव को भव्यता से मनाने के दिए निर्देश

# राज्यमंत्री टेटवाल ने की कार्तिक मेले की तैयारियों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर



कालीसिंध तट स्थित श्री कपिलेश्वर महादेव मंदिर परिसर में प्रतिवर्षानुसार आयोजित होने वाले कार्तिक मेले की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को एसडीएम कार्यालय में प्रशासनिक बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रदेश के राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने सहभागिता की। बैठक में मेले से संबंधित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं कृ स्वच्छता, विद्युत आपूर्ति, पेयजल व्यवस्था एवं सुरक्षा प्रबंधन पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। मंत्री टेटवाल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी बैकुंठ चतुर्दशी के अवसर पर होने वाला हरिहर मिलन गौरव दिवस महोत्सव नगर की गरिमा, आस्था और परंपरा के अनुरूप भव्यता एवं सुसंयोजन के साथ आयोजित किया जाए।

# मां फलौदी की आराधना कर मनाया दीपावली मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नगर के मेड़तवाल समाज द्वारा दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम सभी मातृ-शक्तियों व समाजजनों द्वारा मां फलौदी की पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन करते हुए मंगल गीत गाए गए। इसके उपरान्त सभी ने एक-दूसरे को दीपोत्सव पर्व की शुभकामनाएं देते हुए क्षेत्र में सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। आयोजन समाज में करीब 200 से अधिक महिला, पुरुष बच्चे शामिल हुए। इस दौरान समाज के आगामी कार्यक्रमों एवं गतिविधियों के संबंध में भी कार्ययोजना तैयार की गई। सामुहिक रूप से निर्णय लिया गया कि अगले वर्ष होली मिलने समारोह एवं दीपावली मिलन समारोह वृहद स्तर पर आयोजित करवाया जाएगा। सामाजिक विषयों पर संगोष्ठी, परिचर्चा एवं सामूहिक भोज उपरान्त कार्यक्रम का समापन हुआ।

मेड़तवाल समाज ने किया आयोजन



महामंत्री अमित शर्मा के निवास पर बधाई देने पहुंचे लोग

# हॉस्पिटल में फल बांटकर और भोजन कराकर मनाया जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा



भारतीय जनता पार्टी जिला राजगढ़ जिले के महामंत्री पं. अमित शर्मा का जन्मदिन भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बड़ी धूमधाम से बनाया। कार्यकर्ताओं ने सिविल हॉस्पिटल पहुंचकर भाजपा मंडल अध्यक्ष राजू यादव की उपस्थिति में सभी मरीजों को फल वितरण किया एवं उनको स्वास्थ्य होने की कामना की वही शहर के पंचमुखी मंदिर पर पहुंचकर निरक्षित असहाय लोगों को भोजन कराया गया एवं गौ माता को चारा डाला।

सामाजिक संस्था खुशियों के ओटले पंडित अमित शर्मा ने छोटे बच्चों को भोजन के पैकेट वितरण किया और उनको उपहार भी भेंट किए गए। भारतीय जनता पार्टी के जिले के महामंत्री पंडित अमित शर्मा ने कार्यकर्ताओं पर अपना एक अलग ही मुकाम बनाया है कार्यकर्ताओ के लिए 24 घंटे में पंडित अमित शर्मा अपने कार्यकर्ताओ के दिलों पर राज करते हैं। विद्यार्थी परिषद से अपना राजनीति करियर की शुरुआत की पंडित अमित शर्मा ने,भारतीय जनता पार्टी के जिले के महामंत्री पंडित अमित शर्मा विद्यार्थी परिषद से लेकर भारतीय जनता पार्टी के सभी पदों पर कार्य करते हुए राजगढ़ जिले की भाजपा संगठन के महामंत्री के रूप में कार्य कर रहे हैं अपनी मेहनत कार्यकर्ता आपको प्यार से पंडित अमित शर्मा नई ऊंचाइयों पर पहुंचने के लिए तैयार हैं। शुक्रवार को दिनभर उनके निवास पर जिले भर के कार्यकर्ताओं को आना-जाना लगा रहा।

आमजनों की सुरक्षा और अपराधों पर नियंत्रण में उठ रहे सवाल

करीब दो माह से पूरी तरह खराब पड़े हुए हैं ये सभी सीसीटीवी

# राजगढ़ मुख्यालय पर पुलिस विभाग के सभी 174 सीसीटीवी कैमरे खराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

आमजनों की सुरक्षा, अपराधों पर नियंत्रण एवं घटित अपराधों की त्वरित पतारसी के लिए पुलिस विभाग द्वारा द्वारा राजगढ़ मुख्यालय के विभिन्न प्वाइंटस पर 174 सीसीटीवी कैमरे लगवाए हुए हैं। इसे विडंबना ही कहेंगे की हाईरेसुलेशन क्वालिटी वाले उक्त सभी 174 सीसीटीवी कैमरे विगत करीब 2 माह से पूरी तरह खराब पड़े हुए हैं। नगर के प्रमुख सार्वजनिक स्थानों, आंतरिक एवं नगर से बाहर जाने वाले रास्तों, हाईवे की सीमाओं सहित अन्य स्थानों पर लगे ये सीसीटीवी अब महज शोपीस बनकर रह गए हैं। इनका सर्वर ही बीते 2 माह से खराब होने से आमंजनों की सुरक्षा पर भी बड़ा प्रश्नचिन्ह हो गया है।

ऐसा भी नहीं है की इन कैमरों, सर्वर आदि के मेंटेनेंस के लिए विभाग ने प्रयास न किए हों परंतु जिस निजी कंपनी को उक्त कार्य का टेंडर सौंपा गया था, वह टैंडर रद्द होने के बाद नई कंपनी के टेंडर की प्रक्रिया राजधानी स्तर पर अटकी हुई है। कन्ट्रोल रूम की रेडियो शाखा द्वारा इन सीसीटीवी कैमरों के खराब होने के संबंध में भोपाल स्तर पर कई बार पत्राचार किया जा चुका है परन्तु अभी तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है।



### कैमरे खराब होने से यह पड़ रहा बुरा असर

पुलिस की तीसरी आंख माने जाने वाले सीसीटीवी कैमरों के खराब होने से चोरी, लूट व इसी तरह के अन्य अपराधों की निगरानी विभाग नहीं कर पा रहा है। इसके साथ ही यातायात नियमों को तोड़कर जाने वालों पर भी सुचारू कार्यवाही नहीं हो पा रही है।

### दूसरों से अपील पर खुद के कैमरे नहीं करवा पा रहे सही

बीते दिनों पुलिस ने न केवल राजगढ़ बल्कि जिले के अन्य शहरों के प्रतिष्ठान संचालकों, आमजनों से अपराधों को रोकने अपने यहां सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने की अपील भी की थी। पर, इसे बड़ी विडंबना ही कहा जायेगा की विभाग अपने स्वामित्व के सीसीटीवी कैमरों का ही उचित रख-रखाव और सुचारू संचालन नहीं कर पा रहा है।

### सभी कैमरे एक खराब होने के कारण

पुलिस विभाग के सभी कैमरे खराब होने का प्रमुख कारण उनका समय पर मेंटेनेंस नहीं हो पाना है। इसके साथ ही जिस निजी कंपनी को राज्य स्तर से मेंटेनेंस आदि की जिम्मेदारी सौंपी गई थी, उसका टैंडर अब समाप्त हो चुका है।

### इनका कहना है...

*यह सही है कि सभी सीसीटीवी कैमरें खराब हैं। जिस प्रायवेट कंपनी के पास रिपेयरिंग, मेंटेनेंस आदि का टैंडर था, वह समाप्त हो चुका है। कुछ कैमरों के पार्टस हमने रिपेयर होने भिजवा दिए भी दिए हैं। विभागीय रूप से उच्चाधिकारियों से लगातार पत्राचार किया जा रहा है।*

*आरएन भिलाला,*
*प्रभारी, रेडियो शाखा, राजगढ़*

## खबर संक्षेप

### श्री योगमाया महालक्ष्मी मंदिर में श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

**देवास** । दीपावली के अवसर पर मोती बंगला शिवाजी नगर स्थित श्री योगमाया महालक्ष्मी मंदिर में आयोजित धार्मिक अनुष्ठान का भाईदूज पर समापन हुआ। श्री योगमाया पारमार्थिक न्यास समिति द्वारा आयोजित इस अनूठे आयोजन में आकर्षण का केंद्र 1 करोड़ से अधिक की राशि से मंदिर की सजावट रही, जिसे देखने के लिए शहर व आसपास के जिलों से हजारों श्रद्धालु पहुंचे। इस अनुष्ठान के अंतर्गत श्री योगमाया महालक्ष्मी जी का 21 हजार कमल के पुष्प व ढाई क्विंटल कुमकुम से अर्चन किया गया। साथ ही पड़वा के दिन मंदिर परिसर में 56 भोग व अन्नकूट का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसादी ग्रहण की। इस दौरान मंदिर परिसर में पहुंची महिलाओं को महालक्ष्मी का अर्पित किया गया सौभाग्यवती कुमकुम वितरित किया, जिसे पाकर महिलाएं प्रसन्न नजर आई। श्री योगमाया पारमार्थिक न्यास समिति विमल शर्मा ने बताया कि इस अनूठे व एतिहासिक आयोजन को सफल बनाने में समिति के सदस्यों सहित शहर के श्रद्धालुओं का विशेष योगदान रहा। शर्मा ने बताया कि मंदिर की सजावट के लिए भक्तों द्वारा 1 करोड़ 38 लाख की राशि प्राप्त हुई थी, जो करीब 500 से अधिक श्रद्धालुओं ने दी थी। भाईदूज के उपरांत अब इन श्रद्धालुओं को उनके द्वारा दी गई राशि का वितरण कुबेर पोटली देकर किया जाएगा। यह कुबेर पोटली पूरे अनुष्ठान के दौरान मंत्रोच्चार से सिद्ध की गई है। श्री योगमाया पारमार्थिक न्यास समिति ने आयोजन में सहयोग करने वाले श्रद्धालुओं, पुलिस प्रशासन, नगर निगम, मीडिया साथियों, सोशल मीडिया आदि का आभार व्यक्त किया है।

### साहित्यकार सम्मेलन सम्मान समारोह एवं काव्य गोष्ठी कल

**देवास**। मध्यप्रदेश लेखक संघ देवास इकाई द्वारा मध्यप्रदेश लेखक संघ का 48 वां आंचलिक साहित्यकार सम्मेलन, सम्मान समारोह एवं काव्यगोष्ठी 26 अक्टूबर रविवार को दोपहर 1 बजे से वरिष्ठ नागरिक संस्था के हॉल सयाजी द्वार देवास पर रखा गया है। जिसमें म.प्र.ले.स.भोपाल के संरक्षक एवं पूर्व अध्यक्ष डॉ. रामवल्लभ आचार्य, प्रदेशाध्यक्ष राजेन्द्र गट्टानी, उपाध्यक्ष ऋषि श्रृंगारी, प्रदेश मंत्री मनीष बादल एवं इंदौर इकाई के अध्यक्ष प्रभु त्रिवेदी उज्जैन, इकाई अध्यक्ष हरिमोहन बुधौलिया सहित मालवांचल की अनेकों काव्य हस्तियों का आगमन होगा। इस अवसर पर निवृत्तमान इकाई अध्यक्ष डॉ.मनोरमा जैन का सम्मान प्रदेश समिति द्वारा किया जायेगा। संस्था के संरक्षक शशिकांत यादव ने मां चामुंडा की नगरी देवास में सभी कलमकारों का स्वागत करते हुए स्थानीय कवियों व साहित्यकारों से शामिल होने का कही।

### भगवान श्री सहस्त्रबाहु का जन्मोत्सव 28 को

**देवास**। जायसवाल समाज चेरिटेबल ट्रस्ट (सर्ववर्गीय कलाल समाज) द्वारा आराध्य देव भगवान श्री सहस्त्रबाहु का जन्मोत्सव 28 अक्टूबर को समाज की निर्माणाधीन धर्मशाला मक्सी उज्जैन बायपास पर सुबह 10 बजे मनाया जाएगा। कार्यक्रम के पश्चात भोजन प्रसादी का आयोजन रखा

### नपा की लापरवाही से रात के अंधेरे में गिरी पानी की टंकी, गनीमत कि नहीं हुई जनहानि

# जर्जर पानी की टंकी गिरने से हुआ हादसा, पीएचई कार्यालय पर गिरा मलबा, विभाग ने नपा से मांगा 20 लाख का हर्जाना





### टंकी गिरने से पीएचई की लैब हुई क्षतिग्रस्त,20 लाख रुपए से अधिक के नुकसान की संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

कन्नौद रोड स्थित नगर पालिका के पुराने फिल्टर प्लांट में बनी वर्षों पुरानी पानी टंकी जर्जर हालत में पहुंच चुकी थी। जिसका मलबा गिरने से रहवासियों को जान का खतरा सता रहा था।जिसके चलते बीते दिनों रहवासियों की मांग पर एसडीएम नितिन टाले ने नगर पालिका को उक्त पानी की टंकी को नष्ट करने के निर्देश दिए थे। मामले की गंभीरता देख नगर पालिका ने भी पानी की टंकी को नष्ट करने का ठेका दे डाला। वही बीते कुछ दिनों से ठेकेदार द्वारा पानी की टंकी को नष्ट करने का कार्य किया जा रहा था। लेकिन शुक्रवार की रात को अचानक पानी की टंकी का एक हिस्सा पास में ही बने पीएचई विभाग के कार्यालय पर गिर गया।जिससे पीएचई विभाग का बड़ा नुकसान हो गया । ऐसे में अब पीएचई विभाग 20 लाख रुपए से अधिक के नुकसान का दावा कर नुकसान भरपाई की मांग कर रहा है।

#### पीएचई विभाग के कार्यालय पर गिरा मलबे से कंप्यूटर सहित अन्य सामग्री को नुकसान

शुक्रवार को रात्रि 8 बजे के लगभग पानी की टंकी को नष्ट करने के दौरान जर्जर पानी की टंकी का हिस्सा भरभरा कर अचानक धड़ाम से जा गिरा जो लोक स्वास्थ यांत्रिकी विभाग के भवन पर जाकर गिरा। दरअसल जिस जगह पानी की टंकी का हिस्सा गिरा वो पीएचई विभाग की लैब बताई जा रही है और मलबा गिरने से लैब का भवन तो पूरी तरह क्षतिग्रस्त हुआ है तो वही लेब के अंदर रखे आवश्यक यंत्र कंप्यूटर,पानी टेस्टिंग मशीन सहित अन्य आवश्यक सामग्री बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। जिससे पीएचई विभाग का बड़ा नुकसान हुआ है और अब पीएचई विभाग उक्त नुकसान की भरपाई की मांग कर रहा है। पीएचई विभाग की माने तो 20 लाख रुपए से अधिक के नुकसान आंका जा रहा है

#### गनीमत हुई रहवासी इलाके में नहीं गिरा मलबा, वरना जनहानि भी हो सकती थी

वर्षों पुरानी पानी की टंकी को नष्ट करने के दौरान गिरे मलबे से जहां पीएचई विभाग का बड़ा आर्थिक नुकसान हुआ है तो वही आसपास के रहवासी ईश्वर का धन्यवाद देते हुए कह रहे हैं कि पानी की टंकी का यह मलबा यदि हमारे रहवासी इलाके में गिर जाता तो बड़ी घटना घट जाती और जनहानि से भी इंकार नहीं किया जा सकता था। आपको बता दें कि जर्जर हो रही पानी की टंकी बगल में सुभाष नगर का मुख्य मार्ग है जहां 24 घंटे लोगों की आवाजाही बनी रहती है और इस इलाके में कई मकान भी बने हैं जहां लोग बड़ी संख्या में निवास करते हैं ऐसे में लोगों ने पानी की टंकी को नष्ट करने वाले ठेकेदार की प्रकिया पर भी सवाल खड़े करते हुए लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए हैं।

#### समन्वयक अधिकारी ने नपा को पत्र लिखकर नुकसान की भरपाई करेंगे मांग

इस मामले पर लोक स्वास्थ यांत्रिकी विभाग के समन्वयक अधिकारी मंगलेश दुबे ने बताया कि नगर पालिका की पानी की टंकी गिरने से हमारे विभाग के भवन सहित आवश्यक सामग्री, उपकरण नष्ट हुए हैं जिससे हमारा बड़ा आर्थिक नुकसान हुआ है जिसको हम भी आंकने का प्रयास कर रहे हैं वही लगभग 20 लाख रुपए से अधिक का नुकसान होने की संभावना है और हम पत्र के माध्यम से नगर पालिका से उक्त नुकसान की भरपाई की मांग करेंगे। यदि नुकसान की भरपाई नहीं की जाती है तो हम लिखित में आगे शिकायत भी करेंगे। गनिमत रही की हादसा रत के समय हुआ।

#### ठेकेदार को दिया था टेंडरः नपा अध्यक्ष

नपा अध्यक्ष हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा ने कहा कि पानी की टंकी काफी पुरानी हो गई थी। आसपास के नागरिकों की सुरक्षा की दृष्टि से नपा ने पानी की टंकी को नष्ट करने का ठेका दिया था। जिसमें कोई जनहानि नहीं हुई है वही यदि PHE विभाग का कोई नुकसान हुआ है तो उसकी जवाबदेही ठेकेदार की है वही पीएचई विभाग के नुकसान की भरपाई करेगा।

## भरपेट भोजन नहीं करने से सदैव स्वस्थ्य रहोगे भोजन को औषधि बनाएंः मुनिश्री सानंद सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



सामायिक को प्रतिदिन योग्य विधि के अनुसार बढ़ाएं। हिंसा,पाप आदि पांच पापों से बचने के लिए सामायिक करें। सामायिक प्रतिदिन प्रातः, मध्यान्ह एवं शाम के समय खड़े होकर करें। भरपेट भोजन नहीं करना चाहिए।कम भोजन करने से आप बीमारी से बचेंगे। आप भोजन को औषधि बनाएं, गरिष्ठ भोजन से प्रमाद आता है। सामायिक का मतलब चिंतन करना है।ध्यान करने से विकल्प नहीं आते हैं।चित्त को आत्मा में रमने का नाम सामायिक है।अगर आप स्वस्थ हैं तो बिस्तर पर बैठकर सामायिक नहीं करें।सहन करना सीखें,समता का नाम सामायिक है,प्रमाद नहीं करें। सामायिक करने वाले योगी हो जाता है। जानबूझकर गलती करने को अनाचार कहते हैं।


दक्षिण और पश्चिम दिशा में खड़े - खड़े ही सामायिक करें। उतर दिशा में पंचांग नमस्कार करना चाहिए। सामायिक करने से अहिंसा धर्म का पालन और महाव्रत का कारण बनता है। सामायिक करने से काफी विशुद्धि बढ़ती है। परिग्रह रहित व्यक्ति रहें। सामायिक करने के दौरान सभी का त्याग कर देना चाहिए। उक्त बातें नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर चातुर्मास हेतु विराजमान आचार्य आर्जव सागर मुनिराज के परम प्रभावक शिष्य मुनिश्री सानंद सागर मुनिराज ने रत्नकरण्डक श्रावकाचार ग्रंथ का स्वाध्याय कराते हुए कहीं। मुनिश्री ने कहा सामायिक के दौरान आरंभ और परिग्रह का त्याग करना चाहिए।संतों को वस्त्र से ममत भाव नहीं होता है। सामायिक के दौरान उपसर्ग मौन रहकर भी सहन करें। क्षुधा सहन करें, त्याग की कठोर वेदना होने पर उसे सहन करना सीखें।कभी भी ,कैसी भी परिस्थिति हो बिचलीत न हो। कुंडलपुर में मधुमक्खी के बहुत छत्ते है। प्रकृति का नियम है ,जैसा आप दूसरे के साथ करोंगे वैसा आपके साथ होगा।परिषय को जीते, पुण्य योग से जो चाहते हो,वह मिल जाता है।कितना ही पुरुषार्थ कर लो नहीं मिलने वाला नहीं मिलता है। वेदना सुनने पर दया के भाव आ जाते है। जैसे परिणाम रखोगे वैसा ही फल मिलेगा। सम्मान और अपमान में समता भाव रखें।मुनिश्री सानंद सागर मुनिराज ने कहां जो पर्दे के पीछे रहकर धर्म काम करते हैं उन्हें विशेष पुण्य मिलता है। मैं प्रतिष्ठाचार्य बनना चाहता था लेकिन भाव बदले तो आज आपके सामने मंच पर मुनिश्री बनकर आसीन हूं। हमेशा समता भाव रखें।अंश भर भी आगम का ज्ञान नहीं। अहंकार के साथ ज्ञान दुःख का कारण है। ज्ञान का घमंड नहीं करें। घमंड वाला ज्ञान व्यक्ति को ले डूबेगा। उपसर्ग आने पर समता भाव रखें,मुनि पर उपसर्ग आने पर श्रावक उन उपसर्ग से मुनि को बचाएं। शुक्रवार को संजीव जैन अतिरिक्त कलेक्टर देवास ने नगर के दिगंबर जैन दिव्योदय जैन तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर एवं अरिहंत पुरम स्थित चंद्र प्रभु मंदिर पहुंचे और दोनों मंदिरों में भगवान के दर्शन कर विराजमान पूज्य मुनि श्री सजग सागर जी महाराज व सानंद सागर जी महाराज के दर्शन का लाभ लिया। वहीं अरिहंत पुरम में प्रवर सागर मुनिराज के भी दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। आपके साथ मे आष्टा तहसीलदार रामलाल पगारे भी उपस्थित रहे।

संजीव जैन ने किला मंदिर के दर्शन कर बड़े बाबा की मनोहारी प्रतिमा के बारे में बताया कि ऐसी आलौकिक प्रतिमा सम्पूर्ण भारत में नही है ,प्रतिमा की कला कृति तीसरी शताब्दी की बताई और यह प्रतिमा अद्वितीय है, आज में बड़े बाबा के दर्शन कर धन्य हुआ। आपने अरिहंत पुरम मंदिर की भव्य प्रतिमाओं के दर्शन किए। इस अवसर पर दिगंबर जैन पंचायत समिति एवं अरिहंत पुरम मंदिर समिति द्वारा जैन एवं पगारे का शाल श्रीफल प्रतीक चिन्ह भेंट कर बहुमान किया गया तथा आगामी 2 नवम्बर रविवार को आयोजित होने जा रहे मुनि द्वय के पिच्छिका परिवर्तन समारोह हेतु उन्हें समिति द्वारा निवेदन किया गया, जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकारते हुए आने की स्वीकृति प्रदान की।

## बल्लाखेड़ी पहुंचकर विधायक ने विशाल सिंह बघेल को अर्पित की श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, मालवा प्रांत के प्रांत प्रचारक राजमोहन के पूज्य पिताश्री स्वर्गीय विशाल सिंह बघेल के दुखद निधन पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, सीहोर जिला भाजपा के संगठन जिला प्रभारी बहादुर सिंह मुकाती, जिला भाजपा के महामंत्री धारासिंह पटेल ने आज विदिशा जिले के ग्राम बल्ला खेड़ी बघेल निवास पर पहुंचकर स्व.श्री विशाल सिंह बघेल जी के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित कर परिजनों के साथ बैठ कर शोक संवेदना व्यक्त की।



## डीसीए की चयन समितियां और आब्जर्वर टीम घोषित, पंजीयन कराने अंतिम तिथि आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

आगामी दिनों पर बीएसआई मैदान में होने वाली क्रिकेट प्रतियोगिता और ट्रालय के लिए जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में पंजीयन किया जा रहा है। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष विधायक सुदेश राय के द्वारा विभिन्न समितियां एवं आब्जर्वर टीम घोषित की गई है। एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री राय ने सचिव अतुल तिवारी और वीरु वर्मा, सुरेन्द्र रल्हन, इरफान हुसैन, नवनीत तोमर, भारत गुप्ता, दिग्विजय सिंह आदि से चर्चा कर इन समितियों का गठन किया। डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि जिला स्तरीय टीम के लिए अंडर-14, अंडर-18, अंडर-23 और सीनियर टीम के लिए ट्रायल होना है। ट्रायल में पंजीजन के लिए 26 अक्टूबर अंतिम तिथि है। मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन और भोपाल संभाग क्रिकेट एसोसिएशन के अनेक मैचों का आयोजन बीएसआई मैदान होने जा रहा है। इन मैचों में खेलने के लिए एसोसिएशन में पंजीकृत खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में शामिल किया जाएगा। इसके अलावा आगामी दिनों में होने वाली ट्रायल के पहल पंजीयन होना अनिवार्य किया गया है। इच्छुक खिलाड़ी अपने दस्तावेज लेकर एसोसिएशन के पदाधिकारियों से संपर्क कर सकते है। डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि आगामी दिनों में होने वाले ट्रायल और मैचों के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया है। जिसमें सीनियर, अंडर-22 बालक वर्ग के लिए सीनियर खिलाड़ी नागेन्द्र व्यास, उपेन्द्र ठाकुर, आशीष शर्मा, महेन्द्र शर्मा, संजय पटेल, अभिषेक परसाई को शामिल किया गया है। अंडर-15-अंडर-18 बालक वर्ग में रविन्द्र यादव, सुनील जलोदिया, कमलेश पारोचे, अमित शर्मा, आशीष शर्म, अभिषेक परसाई, सतीश चंद्र लाला, पर्यवेक्षक समिति में सीनियर खिलाड़ी हितेश केसरिया, नरेन्द्र गहलोत, वरुण शर्मा, हेमंत चौरसिया आदि शामिल है।

### श्री खाटू श्याम मंदिर पर महायज्ञ 29 से होगा

भौरासा । नेवरी फाटा स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में खाटू श्याम सेवा समिति द्वारा पांच दिवसीय महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। श्री खाटू श्याम सेवा समिति ने बताया कि वर्ष 2023 में पांच दिवसीय यज्ञ पर देव उठनी ग्यारस के दिन प्राण प्रतिष्ठा कर नेवरी फाटा पर बाबा खाटू श्याम की स्थापना की गई थी। देवउठनी ग्यारस पर बाबा का जन्मोत्सव मनाया जाता है। वहीं इस वर्ष समिति द्वारा जन्मोत्सव भी धूमधाम से मनाया जाएगा। वही पांच दिवसीय यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। प्रेरणा स्रोत संत मनोहर दास त्यागी, यज्ञ आचार्य पंडित विजेंद्र द्विवेदी, पंडित विशाल द्विवेदी मंत्र उच्चारण कर यज्ञ पूर्ण करवाएंगे। यज्ञ का श्री गणेश पूजन मंडप प्रवेश 29 अक्टूबर बुधवार से होगा। पूर्णाहुति, महाआरती एवं भंडारा 2 नवंबर को होगा। श्री बाबा खाटू श्याम सेवा समिति ने इस बार फिर मेले का आयोजन भी रखा है। मेले में जो भी दुकानदार दुकान लगाएगा उसे आयोजित समिति द्वारा पेयजल, लाइट एवं भोजन की व्यवस्था निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी।

### भगवान चित्रगुप्त की पूजा कर मनाया भाईदूज पर्व

**देवास**। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा मध्य भारत देवास इकाई के जिला अध्यक्ष राम श्रीवास्तव ने बताया कि 23 अक्टूबर को चित्रगुप्त मंदिर गीता भवन में पूजा अर्चना कर यम द्वितीया पर्व पर भाई दूज की पूजा अर्चना कर उत्सव हर्ष और उल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर भगवान श्री चित्रगुप्त जी की महाआरती की कर छप्पन भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम

### शहर में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने पुलिस ने की सख्त कार्रवाई

# तीन शातिर बदमाशों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

एसपी पुनीत गेहलोद के निर्देशन में शहर में अशांति फैलाने वाले बदमाशों पर लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में एएसपी जयवीरसिंह भदौरिया एवं सीएसपी सुमित अग्रवाल के मार्गदर्शन में थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने रात में आपसी विवाद कर क्षेत्र की शांति व्यवस्था भंग की थी।22-23 अक्टूबर की दरमियान रात्रि में सूचना प्राप्त हुई कि कुछ लोग शांतिनगर चौराहा पर आपस में लड़ाई-झगड़ा कर रहे हैं तथा मरने-मारने की धमकी देकर हंगामा कर रहे हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना औद्योगिक क्षेत्र की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति पर नियंत्रण पाया।पुलिस ने मौके से भूपेन्द्र पिता दिनेश पंवार उम्र 24 वर्ष, अयान पिता फिरोज मंसुरी उम्र 21 वर्ष और गोलू पिता यूनुस शाह उम्र 33 वर्ष सभी निवासी शांतिनगर, देवास को गिरफ्तार किया। इनके विरुद्ध धारा 170 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर एसडीएम न्यायालय देवास में पेश किया गया।



देवास पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई लगातार जारी है। एसपी गेहलोद ने बताया कि शहर की शांति और सुरक्षा में व्यवधान उत्पन्न करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।उक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र निरीक्षक शशिकांत चौरसिया, प्रआर अजय बैस, जितेन्द्र चौधरी एवं आर अमित श्रीवास की सराहनीय भूमिका रही।

## गोवर्धन पूजा के बाद किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



श्री कृष्णपाल गोपाल गोशाला कबाडी धाम सुतार खेड़ा में गाय गोवर्धन पूजा एवं महाआरती का आयोजन प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी रखा गया जिसमें गौशाला संचालक ईश्वर सिंह, भारतीय जनता पार्टी जिला महामंत्री विजय सिंह पंवार, तहसील महामंत्री जीवन सिंह पंवार ,मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद में सम्मिलित नारायण बापू लोक शिक्षा समिति रालामंडल संचालक दिलीप सिंह पंवार, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सुतार खेडा के अध्यक्ष घनश्याम सिंह पंवार, सचिव दुले सिंह पंवार, संस्था श्री जय कृपानिधि विजयपुर के संस्थापक जितेंद्र सिंह गोहिल, ग्राम पंचायत मंत्री रामेश्वर चौहान, वरिष्ठ ग्रामीण जन भरतसिंह, पोप सिंह पंवार, सौदान सिंह पंवार, सौदान पवार, राकेश राठौड, धर्मेंद्र सिंह, श्याम सिंह, सुनील मालवीय, राहुल सिंह, विजेंद्र सिंह, कुंदन सिंह, लक्ष्मण सिंह गोवर्धन पूजा एवं महा आरती में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत में गाय माता की पूजा कर पुष्प माला पहनाई और प्रसादी खिलाई। इसके पश्चात जिला महामंत्री विजय सिंह ने गोवर्धन पूजा एवं भारतीय संस्कृति पर उद्बोधन दिया। इस दौरान वरिष्ठ ग्रामीण जनों का गौशाला की ओर से सम्मान किया। गौ गंगा गीता की जय हो के नारे लगाकर कार्यक्रम का समापन किया।